nt>

Title: Need to allocate funds from Central Road Fund for repair of Bidhar-Ghanghata-Khalilabad −Mehndawal-Karmaini road in district Sant Kabir Nagar, Uttar Pradesh- Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर उ0प्र0 का विड़हरघाट-घनघटा-खलीलाबाद-मेंहदरवल-करमैनी मार्ग जनपद संत कबीर नगर की सीमा के एक किनारे से प्रारंभ होकर दूसरे किनारे तक लगभग 60 कि0मी0 लम्बा है। इस मुख्य मार्ग में घनघटा में श्री राम जानकी मार्ग तथा खलीलाबाद में राट्रीय राज्य मार्ग संख्या-28, लखनऊ-गोरखपुर मार्ग मिलता है। इस मार्ग पर सन्त कबीर दास जी की निर्वाण स्थली मगहर, गौतम बुद्ध का पौराणिक स्थान कोपिया (अनुपिया), तहसील मुख्यालय मेंहदावल तथा वखिरा पक्षी उद्यान-वखिरा आदि स्थित है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विड़हर घाट पर सरयू नदी में पुल बनाने की मंजूरी प्रदान की गयी है, जो कुछ महीनों में बन जायेगा। इस प्रकार से विड़हर घनघटा-खलीलाबाद मेंहदावल करमैनी मार्ग दक्षिण में अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, अयोध्या, फैजाबाद, बनारस तथा इलाहाबाद से सीधा जुड़ जायेगा। सन 1998 की भीण बाढ़ में यह मार्ग जगह जगह पर टूट गया था तथा बहुत अधिक क्षतिग्रस्त हो गया था। आज यह मार्ग बहुत ही जर्जर स्थिति में है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर विड़हर-घनघटा-खलीलाबाद-मेंहदावल-करमैनी मार्ग दूरी लगभग 60 कि0मी0 का निर्माण केन्द्रीय मार्ग निर्माण निधि योजना अन्तर्गत कराने की व्यवस्था करायें।

<